आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र तीन दिन के अवकाश के बाद कल शिमला में फिर शुरू होगा। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से होगी। कल ही मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2025—26 का आम बजट पेश करेंगे। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हर वर्ग को इस बजट से काफी उम्मीदें हैं।

शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कल सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अगले वित्त वर्ष 2025—26 का बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का ये तीसरा बजट होगा। कांग्रेस सरकार के इस बजट से प्रदेश का हर वर्ग उम्मीदें लगाए बैठा है। राज्य के कर्मचारी वर्ग को भी मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के इस बजट से काफी उम्मीदें हैं। हालांकि आर्थिक संकट से जूझ रही प्रदेश सरकार के पिटारे से इस बार लोक लुभावन व बड़ी घोषणाओं की उम्मीद कम ही है लेकिन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कुछ घोषणाएं की जा सकती हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री बजट में अगले वित वर्ष के दौरान नई भर्तियों का भी ऐलान भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बीते वर्ष 58 हजार 4 सौ 44 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था।

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

प्रधानमंत्री—रिजर्व बैंक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन के सेंट्रल बैंकिंग द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार 2025 के लिए चुने जाने पर सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि सरकार, शासन में नवाचार और दक्षता पर बल देती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को लगातार मजबूत कर रहा है और असंख्य लोगों को सशक्त बना रहा है।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार सरकारी शिक्षण संस्थानों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रयासरत है। कांगड़ा ज़िले के राजकीय महाविद्यालय ज्वाली के वार्षिक समारोह में आज उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षण संस्थानों में आधुनिक सुविधाएं देने के अलावा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। कृषि मंत्री ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया ताकि सरकारी संस्थानों से विद्यार्थियों का पलायन रोका जा सके। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

एस.आई.टी.

प्रदेश सरकार ने बिलासपुर गोलीकांड मामले में विशेष जांच दल एस.आई.टी. का गठन किया है। ए.डी.जी.पी. ज्ञानेश्वर सिंह की देखरेख में गठित .इस जांच दल में डी.आई.जी. सौम्या सांबशिवन को एस.आई.टी. का चेयरपर्सन बनाया गया है।

टीकाकरण

देशभर में आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। मंत्रालय ने बताया है कि राज्य सरकारों और समर्पित अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केन्द्र सरकार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए प्रतिबद्ध है। इधर राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर सोशल मीडिया के माध्यम से एक संदेश में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूकता अनिवार्य है।

सुरेश कश्यप

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि बिलासपुर में हाल ही में हुआ गोलीकांड दुर्भाग्यपूर्ण है और पार्टी इस घटना की निंदा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विभिन्न तरह का माफिया सक्रिय है और गैंगवॉर के माध्यम से इस तरह की घटनाओं को बल मिल रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि सरकार ने इस मामले में एस.आई.टी. का गठन कर जांच शुरू कर दी है लेकिन गोलीकांड में घायल पूर्व विधायक द्वारा की जा रही व्यक्तिगत टिप्पणियां अशोभनीय हैं।

शिविर

चम्बा ज़िले में बनीखेत की बाथरी पंचायत में आज विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी निखिल अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के बारे में अहम जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा महिलाओं और असहाय लोगों के लिए निशुल्क कानूनी सहायता देने का प्रावधान है।

नमस्कार।